कार्यालय, जनपद न्यायाधीश, कानपुर नगर।
ठेके की नीलामी की सार्वजनिक सूचना

पत्रांक : 216 दिनांक 26-04-2021

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद न्यायालय परिसर में ठेकों की नीलामी की कार्यवाही वित्तीय वर्ष 2021–2022 हेतु (07.05.2021 से 31.03.2022) तक की अवधि के लिये दिनांक 06.05.2021, को अपराहन 4:00 बजे प्रथम तल के बरामदे में सम्पादित की जायेगी जो व्यक्ति/संस्था ठेकों की नीलामी मे भाग लेना चाहते हों वे एक प्रार्थना पत्र के साथ अपना हैसियत प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, वोटर आई.डी व पैनकार्ड की छायाप्रति संलग्न करते हुए केन्द्रीय नजारत में जमानत की धनराशि रूपया 20,000/–कैशियर के पास दिनांक 06.05.2021 को अपराहन 2:00 बजे तक जमा करेंगे उक्त धनराशि नीलामी समाप्त होने के बाद उन्हें वापस की जायेगी।

सन्दर्भित नीलामी समाप्त होने पर अधिकतम बोली बोलने वाले व्यक्ति/संस्था को बोली की आधी धनराशि तत्काल केन्द्रीय नजारत में जमा करनी होगी। तथा शेष धनराशि दो दिन में जमा करनी होगी अन्यथा उक्त बोली को निरस्त कर दिया जायेगा। सन्दर्भित बोली बोलने वाले व्यक्ति/संस्था को ठेका प्राप्त करने के लिये निर्धारित स्टाम्प पर अनुबन्ध पत्र दो दिन के अन्दर निष्पादित करना होगा।

यह भी स्पष्ट किया जाता है कि–

1–बोली बोलने वाला व्यक्ति बकायेदार व काली सूची के अर्न्तगत न आता हो।

2–बोली बोलने वाले व्यक्ति के विरूद्ध कोई आपराधिक मामला पंजीकृत न हुआ हो और न ही विचाराधीन हो। इस आशय का शपथपत्र बोली बोलने वाले व्यक्ति को बोली में भाग लेने से पूर्व प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

3–बोली स्वीकृत या निरस्त करने का अधिकार माननीय जनपद न्यायाधीश, कानपुर नगर के पास सुरक्षित रहेगा।

जनपद न्यायालय, कानपुर नगर परिसर में स्थापित ठेकों का विवरण

1– ठेका फोटोकापी मशीन चलाने हेतु न्यायालय परिसर पुरानी बिल्डिंग।

2– ठेका चाय नमकीन का स्टाल, ए0डी0आर0बिल्डिंग।

26.04.21

(डा0 कपिला राघव)
अपर जिला जज/स्पेशल जज ई0सी0 एक्ट,
अध्यक्ष,
नीलामी समिति,कानपुर नगर।

इस नीलामी की सार्वजनिक सूचना की एक–एक प्रति समस्त सार्वजनिक स्थानों के अतिरिक्त जनपद न्यायालय, कानपुर नगर, कार्या0 जिलाधिकारी व तहसील कानपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाये व एक प्रति जिला सूचना कार्यालय कानपुर नगर को प्रकाशन हेतु प्रेषित की जाये।

इस सूचना को जनपद न्यायालय, कानपुर नगर व माननीय उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु सिस्टम आफीसर, जनपद न्यायालय, कानपुर नगर को अवगत कराया जाये।

(डा0 कपिला राघव)
अपर जिला जज/स्पेशल जज ई0सी0 एक्ट,
अध्यक्ष,
नीलामी समिति,कानपुर नगर।

अनुमोदित।
26/04/2021
ह0 जनपद न्यायाधीश,
ह0 जनपद न्यायाधीश
कानपुर नगर